SAWNEE ELECTRIC MEMBERSHIP CORPORATION

नीति सं. 420

विषय: प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम

I. **<u>उद्देश्य</u>**

क. **यह नीति** Sawnee Electric **सदस्यता के** ("**कोऑप्रेटिव**") **प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम** ("**कार्यक्रम**") **से जुड़ी विभिन्न विशेषताओं के साथ-साथ सेवा नियमों और विनियमों को परिभाषित करती है।**

ख. **यह नीति कार्यक्रम की विशेषताओं और अपेक्षाओं के साथ-साथ कार्यक्रम के अंतर्गत लागू किए जाने वाले प्रावधानों को परिभाषित करती है।**

II. **<u>विषय वस्तु</u>**

ए. **<u>सामान्य</u>**

1. **कार्यक्रम**, **जैसा यहां परिभाषित किया गया है**, **<u>स्वैच्छिक</u> है और प्रतिभागी सदस्य** ("**प्रतिभागी**") **को अनुपूरक करार** ("**प्रीपेड**" **मीटरिंग कार्यक्रम नियम और शर्तें**", **यहां संलग्न प्रदर्श** 1) **पर हस्ताक्षर करके कार्यक्रम में भागीदारी के लिए अनुरोध करना होगा।**

2. **कोऑप्रेटिव अपने एकमात्र विवेकाधिकार से**, **किसी सदस्य को कार्यक्रम में स्वीकार नहीं करने का फैसला ले सकता है।**

3. **कोऑप्रेटिव यहां उल्लिखित या यथा संशोधित अपेक्षाओं का पालन नहीं करने वाले प्रतिभागी को कार्यक्रम से हटा सकता है।**

4. **कार्यक्रम के अंतर्गत**, **किसी सदस्य के खाते**(**तों**) **पर लागू होने वाले कुछ मासिक मूल्यों को** "**दैनिक मूल्यों**" **में परिवर्तित किया जा सकता है।**

बी. **<u>अपेक्षाएं</u>**

1. **इस कार्यक्रम के प्रतिभागी कार्यक्रम के अंतर्गत अपने खाते के प्रबंधन के सभी पहलुओं के लिए जिम्मेदार हैं।**

2. **प्रतिभागियों को कोऑप्रेटिव के ऑनलाइन बिल भुगतान पोर्टल की सुविधा लेने के लिए दृढ़तापूर्वक प्रोत्साहित किया जाता है।**

3. **यह कार्यक्रम कोऑप्रेटिव के सिंगल फेज़** (200 **एम्पियर सेवा के बराबर या उससे कम**) **आवासीय खाता**(**तों**) **तक सीमित है जो कोऑप्रेटिव की खुदरा दर अनुसूची** "H", **आवासीय सेवा के तहत सेवा प्राप्त करने की पात्रता रखते हैं।**

4. **कुछ खास सीमाएं और अपवाद लागू होते हैं**, **और जिन्हें नीचे रेखांकित किया गया है।**

सी. **<u>सीमाएं और अपवाद</u>**

1. **यह कार्यक्रम निम्नलिखित तक सीमित है:**

   क. **कोऑप्रेटिव की खुदरा दर अनुसूची** "H", **और/या इस दर अनुसूची के अंतर्गत पात्रता रखने वाले और सेवा प्राप्त करने वाले सिंगल फेज़**, 200 **एम्पियर या उससे कम, लागू सेवा; और**

   ख. **पात्र सदस्य जो कार्यक्रम के सेवा नियमों और विनियमों का पालन करने के लिए सहमत हों, जो समय-समय पर मौजूद होते हैं और यहाँ संशोधित और परिभाषित किए गए हैं।**

2. **सदस्य कार्यक्रम के लिए पात्र <u>नहीं</u> होते हैं, यदि:**

   क. **सदस्य, या उसी परिसर में रहने वाला कोई निवासी, जिनको कोई ऐसी चिकित्सीय स्थिति है जिसमें जीवन को जोखिम में डालने वाली चिकित्सीय आपदा को रोकने के लिए बिजली सेवा की आवश्यकता है।**

डी. **<u>कोऑप्रेटिव के कार्यक्रम जो प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम पर लागू नहीं होते हैं</u>**

1. **नीति** 310 **में जैसा परिभाषित किया गया कोऑप्रेटिव का बजट बिलिंग कार्यक्रम, आवासीय बजट बिलिंग योजना, इस कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध <u>नहीं</u> है।** Sawnee **फांउडेशन कार्यक्रम जिसे “ऑपरेशन राउंड अप” के नाम से जाना जाता है, इस कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध <u>नहीं</u> है।**

3. **इस कार्यक्रम में नामांकित सदस्य कोऑप्रेटिव की नीति** 403, **भुगतान, गैर-भुगतान के लिए कनेक्शन काटा जाना और व्यवस्थाओं के अंतर्गत उल्लिखित भुगतान व्यवस्थाएं करने में सक्षम <u>नहीं</u> हैं।**

4. **कोऑप्रेटिव का इलेक्ट्रॉनिक फंड अंतरण भुगतान कार्यक्रम इस कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध <u>नहीं</u> है।**

5. **कोऑप्रेटिव की नेट एनर्जी मीटरिंग राइडर** (NEM) **का इस्तेमाल इस कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध <u>नहीं</u> है।**

6. **कोऑप्रेटिव के बैंक ड्राफ्ट और क्रेडिट कार्ड ड्राफ्ट कार्यक्रम इस कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध <u>नहीं</u> हैं।**

7. **नीति** 302, **सेवा शुल्क के अंतर्गत सूचीबद्ध निम्नलिखित शुल्क इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों पर लागू <u>नहीं</u> होंगे:**

   क. **विषय वस्तु**, “II”, **सेवा प्रकार**, “A”, **देरी से भुगतान**, “5”, **आवासीय**, “a” **में पाए जाने वाला देरी से भुगतान करने पर शुल्क; और**

   ग. **विषय वस्तु**, “II”, **सेवा प्रकार**, “A”, **सेवा रिकनेक्शन**, “3”, **पैराग्राफ** “a” **में पाए जाने वाला सेवा पुनः बहाली शुल्क।**

   घ.

ई. **<u>खुदरा दर अनुसूची</u>**

1. **कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सभी लागतों और इस कार्यक्रम के तहत इस्तेमाल की गई बिजली ऊर्जा के लिए कोऑप्रेटिव की खुदरा दर अनुसूची** "H" (**आवासीय सेवा**) **जैसे यह मौजूद है या जिसे निदेशक मंडल द्वारा संशोधित किया जा सकता है, के अनुसार कोऑप्रेटिव द्वारा बिल भेजा जाएगा।**

2. **इस दर के लिए कुछ खास लागतों को "दैनिक मूल्य" में परिवर्तित किया जा सकता है और दैनिक मूल्यांकन किया जा सकता है।**

एफ. **<u>ऊर्जा की दैनिक रीडिंग (पठन)</u>**

1. **कार्यक्रम में, जब भी संभव हो, ऊर्जा की दैनिक रीडिंग से संबंधित वास्तविक डाटा, और कुछ मामलों में अनुमानित डाटा, का उपयोग किया जाएगा, जिसे प्रतिभागी के सेवा स्थल पर स्थित प्रतिभागी के वॉट-घंटा मीटर के डेटा से या उसके अनुसार प्राप्त किया गया हो या अनुमान की स्थिति में कोऑप्रेटिव के कर्मचारियों द्वारा विकसित किया गया हो।**

2. **छूट गए या अनुपलब्ध दैनिक ऊर्जा उपयोग की रीडिंग का "अनुमान" लगाया जाए यदि वास्तविक मीटर रीडिंग समयबद्ध तरीके से प्राप्त नहीं होती है या अन्यथा अनुपलब्ध है।**

3. **यदि कोऑप्रेटिव किसी भी कारण से, लंबे समय तक वास्तविक दैनिक मीटर रीडिंग प्राप्त करने में सक्षम नहीं होता है, तो वास्तविक मीटर रीडिंग लेने का फैसला कर सकता है और रीडिंग प्राप्त होने के बाद, प्रतिभागियों को बिल की गई ऊर्जा और उनकी बकाया राशि में आवश्यक समायोजन (जोड़ना या घटाना) कर सकता जो कार्यक्रम के तहत इस्तेमाल की गई ऊर्जा की वास्तविक राशि को दर्शाता हो।**

जी. **<u>बिलिंग</u>**

1. **कार्यक्रम के अंतर्गत कागजी बिल प्रपत्र और/या कागजी बिलिंग विवरण यू.एस. मेल से या अन्यथा उपलब्ध <u>नहीं</u> कराया जाएगा।**

2. **भुगतानों, बिल की राशि और/या खाते में शेषराशि संबंधी जानकारी कोऑप्रेटिव के भुगतान पोर्टल और/या अन्य रिमोट एक्सेस चैनलों के माध्यम से उपलब्ध होगी।**

एच. **<u>भुगतान</u>**

1. **सदस्यों को बिजली सेवा के लिए कम से कम चालीस डॉलर** ($40), **तथा नीति** 302, **सेवा शुल्क, में विनिर्दिष्ट लागू शुल्क, साथ ही साथ अन्य कोई लागू शुल्क (जैसे कि, सदस्यता या अन्य) का आरंभिक पूर्वभुगतान करना होगा।**

2. **आरंभिक पूर्वभुगतान प्रतिभागी के प्रीपेड खाते में उस समय जमा किया जाएगा जब सदस्य इस कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा प्राप्त करना शुरु करता है।**

3. **भुगतान प्राप्त होने पर उसे प्रतिभागी के खाते में दिखाया दिया जाता है।**

4. **ऊर्जा सहायता वचनों** (pledges) **और/या भुगतान सहायता समर्थन को प्रतिभागी के खाते में तब लागू किया जाता है जब ऐसे भुगतान कोऑप्रेटिव को वास्तव में प्राप्त होते हैं।**

आई. **<u>बकाया शेषराशि देय</u>**

1. **प्रतिभागी को कार्यक्रम में प्रवेश से पहले कोऑप्रेटिव को देय समस्त बकाया राशि का भुगतान करने के लिए <u>सहमति</u> देना आवश्यक है।**

2. **प्रीपेड व्यवस्था के अंतर्गत कोऑप्रेटिव को देय, अधिकतम** $400 **की आरंभिक राशि जमा कराने की अनुमति है।**

3. **कार्यक्रम में भागीदारी से पहले बिल न किए गए सभी ऊर्जा प्रभारों का भुगतान करना आवश्यक है।**

4. **व्यवस्था या कार्यक्रम के प्रावधानों, दोनों में से किसी के भी अनुसार कोऑप्रेटिव को देय बकाया राशि का भुगतान करने में विफल होने पर प्रतिभागी की बिजली सेवा को बन्द कर दिया जाएगा।**

जे. **<u>न्यूनतम शेष अपेक्षाएं</u>**

1. **कार्यक्रम प्रतिभागी के लिए इस कार्यक्रम के अंतर्गत अपने खाते में हर समय शून्य** ($0) **के समकक्ष या उससे अधिक जमा शेषराशि बनाए रखना अपेक्षित है।**

2. **जब कार्यक्रम के प्रतिभागी के खाते में शेषराशि शून्य** ($0) **से कम हो जाती है, तब प्रतिभागी की बिजली सेवा को तत्काल बन्द कर दिया जाएगा।**

के. **<u>कनेक्शन काटने के नोटिस</u>**

1. **प्रतिभागी को इस कार्यक्रम के अंतर्गत यू.एस. मेल के माध्यम से मुद्रित/ कागजी बकाया नोटिस प्राप्त <u>नहीं</u> होंगे।**

2. **कार्यक्रम के अंतर्गत सभी आधिकारिक पत्राचार, जिनमें सेवा बन्द करने का नोटिस या खाते में कम शेषराशि संबंधी नोटिस कोऑप्रेटिव के ऑनलाइन पोर्टलों के माध्यम से ही उपलब्ध कराए जाएंगे।**

एल. **<u>सेवा सुरक्षा जमा (डिपॉजिट)</u>**

1. **नीति** 307, **सेवा सुरक्षा डिपॉजिट - आवासीय के अंतर्गत परिभाषित सभी जमा राशि इस कार्यक्रम में बने रहने के दौरान प्रतिभागियों पर लागू <u>नहीं</u> होती है।**

2. **नीति** 307, **जैसे यह वर्तमान में मौजूद है या इसमें संशोधन किए जा सकते हैं, उस समय <u>लागू होती</u> है जब कोई व्यक्ति इस कार्यक्रम में भागीदारी नहीं करते हुए कोऑप्रेटिव के साथ बिजली सेवा को फिर स्थापित / स्थापित करने का अनुरोध करता है।**

3. **कार्यक्रम के तहत सेवा प्राप्त करने के दौरान कोऑप्रेटिव के साथ बनने वाले क्रेडिट इतिहास पर नीति** 307 **के अंतर्गत परिभाषित मानदंडों के आवेदन का मूल्यांकन करने के दौरान विचार <u>नहीं</u> किया जाता है।**

4. **सभी मौजूदा जमा राशि जिन्हें प्रतिभागी द्वारा प्रभावित खाते के लिए भुगतान किया गया है, और कोऑप्रेटिव द्वारा धारित है, उसे कार्यक्रम में भागीदारी के एक भाग के रूप में प्रतिभागी के खाते में <u>जमा किया जाएगा।</u>**

5. **किसी अतिशेष राशि की वापसी के लिए कोऑप्रेटिव द्वारा प्रत्येक मामले में अलग-अलग विचार किया जाएगा।**

एम. **<u>सेवा बन्द किया जाना और सदस्यता समापन</u>**

1. **कार्यक्रम में किसी प्रतिभागी की सेवा को तब बन्द कर दिया जाएगा जब उसके खाते में बकाया शून्य** ($0) **से ज़्यादा हो जाती है।**

2. **कार्यक्रम में नामांकित सदस्य जिनकी सेवाओं को बंद किया जाना कोऑप्रेटिव के नियमों के अनुसार टाला गया हो, उन्हें स्थगन की अवधि के दौरान प्रदान की गई सभी बिजली सेवा के लिए ऋणी माना जाएगा, और सेवा बनाए रखने के लिए उन्हें ऐसी समस्त राशि का भुगतान करना होगा।**

3. **सेवा को किसी भी समय** (7 **दिन/सप्ताह,** 24 **घंटे/दिन) बन्द किया जा सकता है जिसमें छुट्टियां और सप्ताहांत (शनिवार और रविवार) शामिल हैं।**

4. **ऐसे प्रतिभागी जिनकी सेवा सात** (7) **या अधिक दिनों के लिए बन्द की जाती है, उन्हें निष्क्रिय माना जाएगा, उनकी सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी और उन्हें "अंतिम बिल" भेजा जाएगा जिसमें प्राप्त की गई सेवा के लिए कुल राशि, कम भुगतान और वापसी योग्य शुल्कों और प्रभारों की वापसी शामिल होगी।**

5. **निष्क्रिय खातों के लिए अंतिम बिलों को संदर्भाधीन खाते के लिए, कोऑप्रेटिव के पास फाईल में उपलब्ध सदस्य के अंतिम ज्ञात पते पर** U.S. **मेल द्वारा भेजा जाएगा।**

6. **निष्क्रिय खातों के लिए, सेवा की पुन: बहाली के लिए तब देय कुल राशि तथा अन्य लागू शुल्क और प्रभारों का भुगतान करना आवश्यक होगा।**

7. **पूर्व प्रतिभागी जिनके खाते निष्क्रिय हो गए हैं, उन्हें सदस्य नहीं माना जाना जाएगा और वे तब तक सदस्य के किसी भी अधिकार का प्रयोग नहीं कर पाएंगे जब तक कोऑप्रेटिव के नियमों के अनुसार उनकी नई सदस्यता नहीं ली जाती है।**

एन. **<u>किसी खाते के निष्क्रिय होने से पहले सेवा की पुन: बहाली</u>**

किसी प्रतिभागी के खाते को "निष्क्रिय" माने जाने से पहले किसी भी समय:

1. **जब किसी प्रतिभागी की बिजली सेवा के खाते में बकाया शेषराशि** ($0) **या उस से अधिक हो जाती है, तो आम तौर पर जितनी जल्दी संभव होगा, उतनी जल्दी सेवा की पुन: बहाली/स्थापना कर दी जाएगी।**

2. **सेवा की पुन: बहाली प्रतिभागी के आवास में स्थित रिमोट डिवाइस को चालू करने द्वारा दूर से की जाएगी।**

3. **बिजली सेवा की पुन: बहाली से <u>पहले,</u> कोऑप्रेटिव के कर्मचारियों के निर्देशानुसार प्रतिभागी को कुछ कदम उठाने पड़ <u>सकते</u> हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस प्रकार की पुन:बहाली सुरक्षित और समुचित तरीके से की जा रही है।**

4. **सेवा को बन्द किए जाने और खाता शेष शून्य** ($0) **से अधिक हो जाने पर, कोऑप्रेटिव के कर्मचारी प्रतिभागियों को सेवा की पुन: बहाली के लिए कदम(मों) के रूप में विशिष्ट निर्देश दे सकते हैं।**

ओ. **<u>कार्यक्रम की शुरूआत में बकाया शेष</u>**

1. **इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों द्‌वारा कोऑप्रेटिव को देय किसी भी "बकाया" शेष के लिए** $400 **या कम राशि की एक बार की भुगतान व्यवस्था करने की ही अनुमति दी जाएगी।**

2. **कोऑप्रेटिव को उस समय देय किसी बकाया शेष का भाग जो** $400 **से अधिक है, उसका पूर्ण भुगतान इस कार्यक्रम में शामिल किए जाने से पहले <u>अवश्य</u> किया जाना चाहिए।**

3. **इस कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए सभी भुगतान जिनकी भुगतान व्यवस्था को इस कार्यक्रम में शामिल होने से पहले तय किया गया था, जैसा कि यहां वर्णित है, उसे निम्नलिखित के निम्नानुसार क्रेडिट किया जाएगा;**

   क. **किसी भी भुगतान के** 50% **को एक बार के भुगतान व्यवस्था शेष के लिए स्वीकार किया जाएगा; और**
   ख. **भुगतान के** 50% **को कार्यक्रम के लिए स्वीकार किया जाएगा।**

4. **भुगतान व्यवस्था के निपटान के बाद, कार्यक्रम के अंतर्गत भविष्य के सभी भुगतान को प्रतिभागी के खाते में क्रेडिट किया जाएगा।**

पी. **<u>क्षतिपूरण</u>**

1. **कार्यक्रम प्रतिभागी द्‌वारा उस सीमा तक किसी या समस्त दावों, हानियों, लागतों और किसी भी प्रकार या प्रकृति के खर्चों जो खाते से संबंधित हैं, कार्यक्रम में भागीदारी, कार्यक्रम के उपबन्धों या इसमें तय बाध्यताओं के अनुपालन में प्रतिभागी के विफल रहने, खाते को बन्द किए जाने, खाते की सेवाओं की पुन:बहाली और खाते की सेवा के बाधित होने, जिसमें निम्नलिखित के कारण होने वाली क्षतियां या हानियां शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, के लिए समस्त देयता को स्वीकार किया जाएगा और कोऑप्रेटिव तथा इसके सदस्यों, न्यासियों, निदेशकों, अधिकारियों, प्रबंधकों, कर्मचारियों, एजेंटों, प्रतिनिधियों, सहयोगियों, उत्तरवर्तियों और समनुदेशतियों की क्षतिपूर्ति की जाएगी।**

   क. **व्यक्तिगत चोट या मौत;**

   ख. **सम्पत्ति को हानि;**

   ग. **वित्तीय या मौद्रिक हानियों के लिए क्षतियां जो तथाकथित रूप से बिजली सेवा को बन्द करने, बिजली सेवा के बाधित होने या पूर्व भुगतान खाते के लिए बिजली सेवा की पुन: बहाली के कारण होती हैं;**

   घ. **खाते की बिजली सेवा को बन्द करने, बिजली सेवा के बाधित होने या बिजली सेवा की पुन: बहाली के कारण असुविधा या परेशानी;**

   ड. **खाते की बिजली सेवा को बन्द करने, बिजली सेवा के बाधित होने या बिजली सेवा की पुन: बहाली से सम्बद्ध स्वास्थ्य समस्याएं;**

   च. **खाते की बिजली सेवा को बन्द करने, बिजली सेवा के बाधित होने या बिजली सेवा की पुन: बहाली से संबंधित दावे या मुकदमे की लागतें, व्यय या अटार्नी की फीस;**

छ. **खाता या इस कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित बाध्यताओं के अनुपालन में प्रतिभागी के विफल रहने से उत्पन्न होने वाली या उसके परिणामस्वरूप घटित होने वाली किसी या समस्त बाध्यताएं, जिन्हें तृतीय पक्षों द्वारा या उनकी ओर से उठाया जाता है;**

ज. **सेवा के बन्द रहने की अवधि के बाद, खाते के संबंध में बिजली सेवा की पुन: बहाली के कारण होने वाली कोई या समस्त सम्पत्ति क्षति, व्यक्तिगत चोट या मौत;**

झ. **खाते से संबंधित समस्त परिणामजन्य क्षतियां।**

2. **कार्यक्रम के प्रतिभागियों द्वारा सभी बिजली उपकरणों और ऑपरेटिंग प्रणालियों मीटर पर प्रतिभागी की ओर से (जैसे स्टोव, हीटर, तापन प्रणालियां, आयरन, हेयर ड्रायर आदि) के लिए जिम्मेदारी स्वीकार की जाती है जो सेवा बन्द किए जाते समय चालू थीं और जिन्हें पुन: बहाली के समय फिर से चालू किया जा सकता है।**

3. **प्रतिभागी खाते के लिए बिजली सेवा की पुन:बहाली से संबंधित किसी भी प्रकार की क्षति (व्यक्तिगत चोट, सम्पत्ति को हानि, कारोबारी नुकसान, परिणामजन्य हानि, तृतीय पक्ष हानि) से कोऑप्रेटिव का क्षतिपूरण करते हैं।**

क्यू. **<u>अन्य</u>**

1. **<u>स्ट्रीट लाईटिंग</u> – कार्यक्रम में प्रतिभागी के खाते से संबंधित कोऑप्रेटिव के अपने आउटडोर लाईटिंग** (“OL ”) **दर अनुसूची के तहत सभी स्ट्रीटलाइट बिल, स्ट्रीटलाइट से संबंधित मासिक शुल्कों पर आधारित होंगे।**

2. **<u>मीटर से छेड़छाड़</u> – यदि कोऑप्रेटिव की किसी सम्पत्ति या उपकरण के साथ छेड़छाड़ का पता लगता है, तो प्रतिभागी को कार्यक्रम से हटा दिया जाएगा और लागू नीति में किए गए उल्लेख के अनुसार अतिरिक्त शुल्क और/या जमा (डिपॉजिट) लागू होंगे।**

3. **<u>कार्यक्रम समापन और/या परिवर्तन</u> – कोऑप्रेटिव के कर्मचारी किसी भी प्रतिभागी को किसी भी समय कार्यक्रम से हटाने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। साथ ही, कोऑप्रेटिव का निदेशक मंडल, अपने एकमात्र विवेकाधिकार से, किसी भी समय, बिना सूचना दिए, इस नीति और कार्यक्रम को संशोधित और/या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।**

आर. **<u>अभिस्वीकृति</u>**

1. **कार्यक्रम के प्रतिभागियों को लिखित रूप में अभिस्वीकृति देना आवश्यक है, कार्यक्रम की अपेक्षाओं की स्वीकृति यहाँ प्रदर्श** 1 **में उल्लिखित है जो संलग्न है और जिसे इस नीति का भाग बनाया गया है।**

III. <u>जिम्मेदारी</u>

इस नीति को लागू करने, इसके समग्र प्रवर्तन के लिए उचित नियंत्रण विकसित करने, और इसके निष्कर्षों से निदेशक मंडल को अवगत कराने की जिम्मेदारी अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की होगी।

अंगीकृत:	09/18/14	**प्रभावी**:	01/01/15
संशोधित:	11/20/14		01/01/15
	03/03/15		03/04/15
	09/17/15		09/18/15
	11/15/18		11/16/18
	03/18/21		03/19/21

अनुपूरक करार
प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम नियम और शर्तें
(प्रदर्श 1)

अधोहस्ताक्षरी (इसके बाद "सदस्य" कहा जाएगा) एतदद्वारा Sawnee Electric Membership Corporation **के (इसके बाद** "Sawnee EMC" **कहा जाएगा) प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम** ("**कार्यक्रम**") **के लिए आवेदन करता है और निम्नलिखित नियमों और शर्तों का अनुपालन करने के लिए सहमत है**:

1. **सदस्य अभिस्वीकृति देता है कि इस अनुपूरक करार के अतिरिक्त, निम्नलिखित दस्तावेजों, जो समय-समय पर मौजूद हो सकते हैं**, Sawnee EMC **से सदस्य की बिजली सेवा की शर्तों पर लागू होंगे और उन्हें नियंत्रित करेंगे**: (i) **सदस्यता के लिए सदस्य का आवेदन**, (ii) Sawnee EMC **उपविधियां**, (iii) Sawnee EMC **सेवा नियम और विनियम**, (iv) Sawnee EMC **की नीतियां (जिसमें संलग्न नीति** 420 **शामिल है जो यहीं तक सीमित नहीं है); और** (v) Sawnee EMC **की लागू दर या दरें। यह अनुपूरक करार और उपरोक्त सभी दस्तावेजों, जो समय-समय पर मौजूद हो सकते हैं, वे दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी होंगे और उन्हें यहां "नियंत्रक दस्तावेज" के रूप में संदर्भित किया जाएगा। यदि इस अनुपूरक करार या नीति** 420 **का कोई उपबन्ध, किसी अन्य नियंत्रक दस्तावेज के उपबन्ध से विरोधाभासी हो तो यह अनपरक करार और नीति** 420 **स्वीकार्य होंगे।**
2. **सदस्य द्वारा नियंत्रक दस्तावेजों में यथाउल्लिखित अनुसार किसी सदस्यता, अंतरण, कनेक्ट औ /या लागू शुल्क का भुगतान किया जाएगा।**
3. **सदस्य यह अभिस्वीकृति देता है कि कार्यक्रम प्रतिभागी बिजली उपयोग या अन्य लागू शुल्क या प्रभारों का मासिक विवरण प्राप्त नहीं करेगा।**
4. **सदस्य कार्यक्रम खाते में शेषराशि की नियमित निगरानी के लिए जिम्मेदार होगा और यह समझता है कि जब खाता शेष शून्य** ($0.00) **से कम होता है तो बिजली सेवा को बिना किसी लिखित सूचना के तत्काल (जिसमें सप्ताहांत और छुट्टियां शामिल हैं) बन्द किया जा सकता है।**
5. **सदस्य यह अभिस्वीकृति देता है कि भुगतान करने पर बिजली सेवा को स्वचालित रूप से और तत्काल पुन: बहाल किया जा सकता है। सदस्य को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सेवा बन्द होने पर पुन:बहाली के लिए भुगतान करने से पहले बिजली के सभी उपकरणों को बन्द कर दिया जाए, और फिर से चालू करने के लिए बिजली प्रणाली सुरक्षित हो। नीचे हस्ताक्षर करके, भुगतान जमा करवाने पर सदस्य की बिजली सेवा को पुन: चालू होने से उत्पन्न होने वाली किसी या समस्त क्षति के लिए पूरी जिम्मेदारी सदस्य स्वीकार करता है और Sawnee EMC को सुरक्षित रखने के लिए सहतम है।**
6. **यदि बिजली सेवा सात** (7) **या अधिक दिनों के लिए बंद रहती है, तो** Sawnee EMC **में सदस्य की सदस्यता को समाप्त कर दिया जाएगा और सदस्य को अंतिम बिल भेजा जाएगा। सदस्यता के समापन के बाद, सदस्य अब सदस्यता के अधिकार नहीं रखता है, और बिजली सेवा की पुन:बहाली के लिए नए सदस्यता आवेदन, नए सदस्यता शुल्क का भुगतान और सेवा के संबंध में लागू होने वाली शर्तों का अनुपालन करना होगा।**

कृपया निम्नलिखित भाग भरें और कार्पोरेशन को 543 Atlanta Highway, Cumming, GA 30040 **पर वापस भेजें या** customerservice@sawnee.com **पर ईमेल करें।**

खाता संख्या: ________________________________ ____________________

सेवा पता/स्थान: ____

दिनांक: ____/____/______ **मोबाइल फोन नम्बर**: (   ) _______-___________

ई-मेल पता: ____

_____________________________ ______________________________

सदस्य का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) **संयुक्त सदस्य का नाम (स्पष्ट अक्षरों में)**

________________________________ _______________________________

सदस्य का हस्ताक्षर **संयुक्त सदस्य का हस्ताक्षर**